प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

................

- ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है।
- प्रदेश में सुरक्षा एजेंन्सियां अलर्ट पर–सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीआई के लिए राष्ट्रीय योजना के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बनाने को मंजूरी दी।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 का परिणाम आज जारी होगा।

................

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है। इससे पहले, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी दलों ने सरकार की हर संभावित कार्रवाई का समर्थन किया था।

................

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और नेपाल से सटे सीमावर्ती राज्यों के उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवांछित तत्वों के राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सरकारों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। गृह मंत्री ने कहा कि निर्बाध संचार बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा और मजबूत की जानी चाहिए। उन्होंने राज्यों से जनता में अनावश्यक भय रोकने और अफवाहों के खिलाफ लोगों में जागरूकता बढाने को कहा। बैठक में राजस्थान सहित 9 राज्यों के मुख्यमंत्री और प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

................

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। सीमा सुरक्षा बल और राजस्थान पुलिस की ओर से सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीमावर्ती जिलों श्रीगंगानगर, बाडमेर, जैसलमेर, बीकानेर में आगामी आदेश तक 12वीं कक्षा तक के निजी और सरकारी स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रों और मदरसों में छुट्टी कर दी गई है। वहां सभी परीक्षाएं भी निरस्त कर दी गई है। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां पर सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुटि्टयां निरस्त कर दी गई है। इसके अलावा आगामी आदेश तक अवकाश नहीं लेने के निर्देश दिए गए है।

................

जोधपुर और किशनगढ एयरपोर्ट से 10 मई तक यात्री विमानों की आवाजाही बंद कर दी गई है। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि कल 9 फ्लाईट्स रद्द की गई।

................

.....

उधर पाली में जवाई बांध क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। बगडी नगर में आज लगने वाला बाबा रामदेवजी का मासिक मेला भी निरस्त किया गया है।

................

किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारियों का आकलन करने के लिए प्रदेश के सभी 41 जिलों में कल विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार कई स्थानों पर दिन में करीब 4 बजे नागरिक सुरक्षा के लिए चेतावनी प्रणाली को दुरस्त करने का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अभ्यास के बाद राज्य सरकार हर जिले में आपात स्थिति में घटना के लिए स्थानीय प्रशासन के रेस्पान्स टाइम का आकलन करेगी। इससे सरकार को जिला प्रशासन के साथ मिलकर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने तथा अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। श्री पंत ने बताया कि दिन में हुए नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास के बाद, रात के दौरान राज्य के सभी

शहरी और ग्रामीण इलाकों में अलग–अलग समय पर ब्लैक आउट का अभ्यास किया गया। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों को मॉक ड्रिल के दौरान अपेक्षित भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया और ऐसी किसी अन्य अभ्यास में भी सक्रिय भागीदारी की अपील की।

................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीआई के लिए राष्ट्रीय योजना के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए ये योजना स्वीकृत की। इसमें एक हजार सरकारी आईटीआई को हब में अपग्रेड करने और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने इन आईटीआई में 130 संकाय पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। शिक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि उद्योग और शिक्षा जगत के संबंध को मजबूत करने के लिए पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाए जा रहे हैं। वहीं आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने देश में कोयला दोहन और आवंटन की योजना–शक्ति में संशोधन को स्वीकृति दी है। सीसीईए ने कहा है कि यह मंजूरी केंद्रीय क्षेत्र, राज्य क्षेत्र और स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के थर्मल पावर प्लांट्स को नए कोयला लिंकेज देने के लिए है।

................

प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 'बर्तन बैंक योजना' शुरू की है। यह योजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी कडी में प्रदेश का पहला स्टील बर्तन बैंक कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की खैराबाद पंचायत समिति में खोला गया है। इसका संचालन पंचायत समिति करेगी।

................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आज राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 का परिणाम जारी करेगा। बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा दोपहर सवा तीन बजे परिणाम घोषित करेंगे। अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि 27 और 28 फरवरी को तीन पारियों में आयोजित हुई रीट–2024 परीक्षा में कुल 14 लाख 29 हजार 822 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। परीक्षा के लिए प्रदेश के 41 जिलों में कुल 1 हजार 731 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इधर आरपीएससी ने आरएएस 2023 के साक्षात्कार के तीसरे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग के सचिव ने बताया कि ये साक्षात्कार 19 से 28 मई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लिये जायेंगे। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

................